






# खाद्यान्न में हम आत्मनिर्भर के साथ निर्यात भी कर रहे

## सीएसए में धूम धाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

प्रमुख संवाददाता । दीनार टाइम्स

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह द्वारा 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीद स्वतंत्रा संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। इसके बाद मुख्य भवन पर कुलपति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद कुलपति ने कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया।कुलपति ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर कृषकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि मैं उन सभी वीर योद्धाओं को नमन करता हूं एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं जिनकी वजह से आज मैं इस दिन को मना रहा हूं। कुलपति ने कहा कि स्वाधीन होने के बाद से खाद्यान्नों में 5 गुना, उद्यानिकी फसलों में 9 गुना, मछली क्षेत्र में 12.5 गुना, दुग्ध क्षेत्र में 9 गुना एवं अंडा उत्पादन के क्षेत्र में 39 गुना वृद्धि हासिल हुई है। इस वृद्धि में हमारे विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के किसानों का प्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कुलपति ने कहा कि हमारा देश आज खाद्यात्र उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं अपितु हम इसे विभिन्न देशों को निर्यात भी कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मसालों के निर्यात में भी हम अग्राणी हैं कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्यात्र उत्पादन में 11.8त्न कृषि अंतर्गत क्षेत्रों के साथ 20त्न खाद्यात्र उत्पादन कर हमारा प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। तिलहन, दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा 300 से अधिक फसल प्रजातियों का विकास किया गया है।साथ ही प्रसार के क्षेत्र में कृषकों के क्षेत्रों तक उन्नत तकनीक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि आज हमें प्रत्येक गांव में न्यूट्रीफार्मिंग, न्यूट्री गार्डनिंग के साथ ही जलवायु स्मार्ट गांव की दिशा में अपने अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों को अपने मुख्य एजेंडा में लेना आवश्यक है। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि उत्कृष्ठ कार्य हेतु कृषि वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि झंडारोहण के बाद वृक्षारोपण भी किया गया। तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव ने बताया कि ससमय सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रशासनिक भवनों पर झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सिंह सहित छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा.मुनीश कुमार, कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह, डीन गृह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग,डीन कृषि संकाय डॉक्टर सीएल मौर्य सहित विश्व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

हिंदी दैनिक

# रहस्य संदेश

ंक-229 शनिवार, 17 अगस्त 2024 | लखनऊ व एटा से प्रकशित | R.N.I. No.: UPHIN/2007/20715 | पृष्ठ- 4 | मूल्



## सीएसए में धूम धाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस






अनवर अशरफ

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह द्वारा 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीद स्वतंत्रा संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। इसके बाद मुख्य भवन पर कुलपति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद कुलपति ने कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया।कुलपति ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर कृषकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि मैं उन सभी वीर योद्धाओं को नमन करता हूं एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं जिनकी वजह से आज मैं इस दिन को मना रहा हूं। कुलपति ने कहा कि स्वाधीन होने के बाद से खाद्यान्नों में 5 गुना, उद्यानिकी फसलों में 9 गुना, मछली क्षेत्र में 12.5 गुना, दुग्ध क्षेत्र में 9 गुना एवं अंडा उत्पादन के क्षेत्र में 39 गुना वृद्धि हासिल हुई है। इस बृद्धि में हमारे विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के किसानों का प्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कुलपति ने कहा कि हमारा देश आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं अपितु हम इसे विभिन्न देशों को निर्यात भी कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मसालों के निर्यात में भी हम अग्रणी हैं कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में 11.8त्न कृषि अंतर्गत क्षेत्रों के साथ 20त्न खाद्यान्न उत्पादन कर हमारा प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। तिलहन, दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा 300 से अधिक फसल प्रजातियों का विकास किया गया है।साथ ही प्रसार के क्षेत्र में कृषकों के क्षेत्रों तक उन्नत तकनीक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि आज हमें प्रत्येक गांव में न्यूट्रीफार्मिंग, न्यूट्री गार्डनिंग के साथ ही जलवायु स्मार्ट गांव की दिशा में अपने अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों को अपने मुख्य एजेंडा में लेना आवश्यक है। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य हेतु कृषि वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि झंडारोहण के बाद वृक्षारोपण भी किया गया। तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव ने बताया कि ससमय सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रशासनिक भवनों पर झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सिंह सहित छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा.मुनीश कुमार, कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह, डीन गृह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग,डीन कृषि संकाय डॉक्टर सीएल मौर्य सहित विश्व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

अमर उजाला 17/08/2024

# शिक्षण संस्थानों में शान से मनाया आजादी का पर्व

कानपुर। शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुए। छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने ध्वजारोहण किया। यहां प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, प्रो. नीरज सिंह, डॉ. प्रवीण कटियार, डॉ. प्रवीण भाई पटेल आदि मौजूद रहे।

आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने विवि परिसर स्थित औषधीय वाटिका में गरीब बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। मौके पर सुनीता सिंह, डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ. पीके सिंह, डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ. सीएल मौर्य मौजूद रहे।

आईआईटी में निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। डीएवी कॉलेज में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दीक्षित, डीबीएस कॉलेज में प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा, पीपीएन कॉलेज में प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह, वीएसएसडी



सीएसजेएमयू में ध्वजारोहण के दौरान मौजूद वीसी व अन्य। संवाद

कॉलेज में प्राचार्य प्रो. बिपिन चंद्र कौशिक, ब्रह्मावर्त कॉलेड में प्राचार्य प्रो. वीके कटियार, बीएनडी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. विवेक द्विवेदी की देखरेख में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन, जय नारायण विद्या मंदिर, आरएस पब्लिक स्कूल, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्कूल, सेन इंटर कॉलेज, कामद सरस्वती शाइनिंग स्टार, डीपीएस बर्रा व आजादनगर स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित हुए। (ब्यूरो)

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
जन एक्सप्रेस
लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 302 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | शनिवार | 17 अगस्त, 2024
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

# चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर मुख्य भवन पर किया ध्वजारोहण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. आनन्द कुमार सिंह द्वारा 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीद स्वतंत्रा संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर मुख्य भवन पर ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद कुलपति ने कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय परिवार, कृषकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि मैं उन सभी वीर योद्धाओं को नमन करता हूं एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं जिनकी वजह से आज मैं इस दिन को मना रहा हूं। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी सुनीता सिंह सहित छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मुनीश कुमार, कुलसचिव डॉ.पी के उपाध्याय, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह, डीन गृह विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग,डीन कृषि संकाय डॉ. सी.एल.मौर्य सहित विश्व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

अंक-166 कानपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024 पृष्ठ-8

दैनिक

# आज का कानपुर

...में प्रकाशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बांदा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

हिन्दी दैनिक

## क्षेत्रीय समाचार

# सीएसए में धूम धाम से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

आज का कानपुर

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह द्वारा 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीद स्वतंत्रा संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। इसके बाद मुख्य भवन पर कुलपति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद कुलपति ने कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया।कुलपति ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर कृषकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि मैं उन सभी वीर योद्धाओं को नमन करता हूं एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं जिनकी वजह से आज मैं इस दिन को मना रहा हूं। कुलपति ने कहा कि स्वाधीन होने के बाद से खाद्यान्नों में 5 गुना, उद्यानिकी फसलों में 9 गुना, मछली क्षेत्र में 12.5 गुना, दुग्ध क्षेत्र में 9 गुना एवं अंडा उत्पादन के क्षेत्र में 39 गुना वृद्धि हासिल हुई है। इस वृद्धि में हमारे विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के किसानों का प्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कुलपति ने कहा कि हमारा देश आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं अपितु हम इसे विभिन्न देशों को निर्यात भी कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मसालों के निर्यात में भी हम अग्रणी हैं कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में 11.8त्न कृषि अंतर्गत क्षेत्रों के साथ 20त्न खाद्यान्न उत्पादन कर हमारा प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। तिलहन, दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा 300 से अधिक फसल प्रजातियों का विकास किया गया है।साथ ही प्रसार के क्षेत्र में कृषकों के क्षेत्रों तक उन्नत तकनीक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि आज हमें प्रत्येक गांव में न्यूट्रीफार्मिंग, न्यूट्री गार्डनिंग के साथ ही जलवायु स्मार्ट गांव की दिशा में अपने अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों को अपने मुख्य एजेंडा में लेना आवश्यक है। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि उत्कृष्ठ कार्य हेतु कृषि वैज्ञानिकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि झंडारोहण के बाद वृक्षारोपण भी किया गया। तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव ने बताया कि ससमय सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रशासनिक भवनों पर झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी सुनीता सिंह सहित छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा.मुनीश कुमार, कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह, डीन गृह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग,डीन कृषि संकाय डॉक्टर सीएल मौर्य सहित विश्व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## स्कूटी सवार छात्र की टक्कर से घायल दरोगा की इलाज के दौरान मौत






सीएसए के कुलपति स्वतंत्रता दिवस पर